**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 17 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपियन नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग 2025 में भाला फेंक प्रतियोगिता में 90 मीटर की दूरी पार करने पर बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि पानीपत निवासी नीरज चोपड़ा ने टोकियो ओलम्पिक 2020 में 87.58 मीटर पर भाला फैंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था और नीरज ने अब अपना ही रिकॉर्ड धवस्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस उपलब्धि को उल्लेखनीय बताया और कहा कि खिलाड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उसके अटूट समर्पण, अनुशासन और ज़ुनून का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत को इस सफलता पर गर्व और ख़ुशी का अनुभव हो रहा है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी नीरज चोपड़ा की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोहा डायमंड लीग में हरियाणा का लाल छा गया। श्री नायब सैनी ने कहा कि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचा है। उसने अपने करियर में पहली बार 90 मी. की दूरी को पार कर वैश्विक पटल पर हरियाणा के साथ–साथ संपूर्ण भारत का नाम रोशन किया है।

**************************************************************************

कैथल पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में गांव मस्तगढ़ निवासी 25 वर्षीय युवक देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र सिंह ने ऑपरेशन 'सिंदूर' समेत भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थी। पुलिस ने बताया कि युवक को सबसे पहले 13 मई को फेसबुक पर अवैध हथियारों से जुड़ी एक पोस्ट के चलते हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए।पुलिस पूछताछ में देवेंद्र ने स्वीकार किया कि वह करतारपुर कॉरिडोर के जरिये पाकिस्तान स्थित धार्मिक स्थलों करतारपुर साहिब, ननकाना साहिब के दर्शन करने गया था। वहीं उसकी मुलाकात एक पाकिस्तानी लडक़ी से हुई, जिसके ज़रिए वह आईएसआई के संपर्क में आया। भारत लौटने के बाद भी वह लगातार पाक एजेंटों से संपर्क में बना रहा और भारत से संबंधित संवेदनशील जानकारी सांझा करता रहा। जांच में यह भी सामने आया है कि वह अब तक पांच से अधिक पाकिस्तानी एजेंटों के संपर्क में रह चुका है।

**************************************************************************

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता और सेना के सम्मान में आज कुरुक्षेत्र के लाडवा में तिरंगा यात्रा निकली गई। इस यात्रा की अगुवाई हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की। इस अवसर पर यात्रा का आगाज करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाया गया ऑपरेशन सिन्दूर युद्ध नहीं था बल्कि यह नए भारत का एक प्रतिशोध था। हमारी सेनाओं ने मिसाइलें नहीं छोड़ी बल्कि उन्होंने ऐसा सन्देश दिया जिसकी गूँज अमेरिका और चीन तक भी पहुंची। मुख्यमंत्री ने कहा की आज पूरा देश सेनाओं के साथ खड़ा है। हमे अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाकर समूचे विश्व को आंतकवाद के प्रति संदेश दिया है। इस अवसर पर गांव बुहावी में पहुंचने पर सरपंच रीटा रानी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। तिरंगा

यात्रा में जिला उपायुक्त नेहा सिंह, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, बीजेपी के जिला अध्यक्ष तेजेंदर सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

**********************************************************************

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में वीर जवानों के अदम्य साहस, वीरता, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए आज पानीपत के गाँव काबड़ी के निवासियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सभी को सेना के पराक्रम पर गर्व है। तिरंगा यात्रा से समाज में देश के प्रति ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह हमारे वीर सैनिकों की गौरव गाथा का प्रतीक है। इसी दौरान सोनीपत के गोहाना में भी आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. अरविन्द शर्मा व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और दोनों नेताओं ने यात्रा में शामिल लोगो का उत्साहवर्धन करते हुए यात्रा में भी भाग लिया।

*********************************************************************

पंजाब के कपूरथला में गोली लगने से शहीद हुए लांसनायक मनोज फोगाट को आज चरखी दादरी में उनके पैतृक गांव समसपुर में अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके 5 साल के बेटे प्रिंस ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।
आज सुबह उनकी पार्थिव देह के गांव पहुंचते ही युवाओं की भारी भीड़ ने बाइक और पैदल रैली निकाली। शहीद की पार्थिव देह के आगे चलते हुए उन्होंने 'भारत माता की जय', 'वंदेमातरम' और 'शहीद मनोज फोगाट अमर रहे' के नारे लगाए।